तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# भिवानी भूमि
रोहतक, गुरुवार, 15 मई 2025

11 नागरिक अस्पताल की समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन...



12 पॉश कॉलोनी में बिगड़ी सप्लाई की चाल, पीने के पानी का बुरा हाल





## खबर संक्षेप


डेमो प्रशिक्षण में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

### हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड का डेमो

**चरखी दादरी।** एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ में हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स हरियाणा द्वारा एक विशेष डेमो प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राज्य प्रशिक्षक अजय और संजीव ने किया। इस अवसर पर स्कूल निदेशक बलराज फौगाट भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। डेमो के दौरान छात्रों को स्काउटिंग के देशभक्ति, राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान, प्राथमिक उपचार, आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव तथा नेतृत्व क्षमता और आत्मनिर्भरता के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने इस डेमो में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### बाबा हरदेव सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित

**भिवानी।** संत निरंकारी मिशन द्वारा समर्पण दिवस के अवसर पर युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह की पुण्य स्मृति में एक भावनात्मक वर्चुअल संत समागम का आयोजन किया गया। सतगुरु माता सुदीक्षा और निरंकारी राजपिता के दिव्य सान्निध्य में आयोजित इस समागम में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन सहभागिता की।

### बीआर आदर्श स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित किए 12वीं कक्षा के परिणामों में बीआर आदर्श वमा विद्यालय बिरहीकलां ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा, जिसमें सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। चेयरमैन कृष्ण भारद्वाज ने उपलब्धि पर विद्यार्थियों को बधाई दी। स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप तीन स्थानों पर कब्जा किया।

### सिविल डिफेंस वालंटियर प्रशिक्षण 15 मई को

**भिवानी।** किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सरकार के निर्देशानुसार तैयार किए जा रहे सिविल डिफेंस वालंटियर के लिए पहला प्रशिक्षण शिविर 15 मई को सुबह 10 बजे पंचायत भवन में आयोजित किया जाएगा। डीसी महावीर कौशिक ने प्रशिक्षण शिविर से संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश जारी किए हैं।

### अलखपुरा की फुटबॉल खिलाड़ी छाए

**बवानीखेड़ा।** गांव अलखपुरा की फुटबॉल खिलाड़ियों फिर से बाजी मारने का काम किया है। बिहार के बेगुसराय में 7वीं खेलो इंडिया प्रतियोगिता 4 से 15 मई तक आयोजित हुइ जिसमें पूजा जाखड़, संख्या जाखड़, सपना समोता, रिषिका गढ़वाल, पारूल मिठरवाल, मुस्कान गुर्जर, सिमरन गुर्जर, अंकुश गुर्जर आदि ने भाग लिया। कोच सोनिका बिजारनिया ने बताया कि पहला मैच दिल्ली से 6-1 से जीते, पूजा ने दो गोल किए। दूसरा मैच मणीपुर से 2-1 से फतेह किया जिसें पूजा, सिमरन ने एक-एक गोल किया।

## अवैध लकड़ियों से भरी गाड़ियों का पीछा कर रही थी टीम

# राजस्थान वन अधिकारी की टीम के साथ लकड़ी माफियाओं की हाथापाई, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

राजस्थान से लोहारू के रास्ते हरियाणा में अवैध लकड़ियों का कारोबार इन दिनों चरम पर है। राजस्थान से हरियाणा में लोहारू के विभिन्न कच्चे रास्तों पर रात के अंधेरे में इन लकड़ी माफियाओं की कई दर्जन गाड़ियां प्रतिदिन सरपट दौड़ती देखी जा सकती हैं। बीती देर रात लकड़ियों से भरी गाड़ियों का पीछा करते हुए राजस्थान के वन विभाग के अधिकारियों की टीम के साथ इन लकड़ी माफियाओं की हाथापाई हुई तथा हाथापाई के दौरान सरकारी गाड़ी चाबी छीनने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना पर लोहारू थाना पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने राजस्थान के चिड़ावा वन मंडल अधिकारी सुमन कुमारी की शिकायत पर अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।


**भिवानी।** रात के अंधेरे में राजस्थान से लोहारू के रास्ते जाती अवैध लकड़ियों से भरी गाड़िया।

### गाड़ियों पर नहीं थी नंबर प्लेट

पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के चिड़ावा वन मंडल अधिकारी सुमन कुमारी ने बताया कि वह रात को जांच के दौरान पिपली चौकी के पास लकड़ियों से भरी तीन गाडि़यां देखी गई तथा तीनों गाड़ियों पर नंबर प्लेट नहीं थी। तीनों गाड़ियों पर शिकंजा कसने के लिए उनका पीछा किया, लेकिन वे गाड़ियों के साथ लगते हरियाणा राज्य के सीमावर्ती गांव कुशलपुरा में घुस गई। इस दौरान लोहारू वन राजिक अधिकारी ओमप्रकाश पिलानिया को इसकी सूचना भी दी गई। इस दौरान अन्य पिकअप गाड़ियां और 15-20 लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने हाथापाई शुरू कर दी और सरकारी गाड़ी की चाबी छीन ली। घटना की सूचना पर लोहारू पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। हाथापाई के दौरान एक पुलिसकर्मी की वर्दी भी फाड़ दी गई। उन्होंने बताया कि राजस्थान की टीम में सहायक वन सरक्षक कमलचन्द, ड्राईवर राजकुमार, मुकेश वनपाल, सुधीर भडीया वनपाल व प्रकाश आनन्द वन रक्षक शामिल थे, जिन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया था। लोहारू पुलिस ने दो दर्जन से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



**भिवानी।** बिजली की लोक अदालत में उपस्थित अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## बिजली लोक अदालत में 40 उपभोक्ताओं की समस्याओं पर हुई सुनवाई

**भिवानी।** ऊर्जा मंत्री अनिल विज के निर्देशानुसार ऑपरेशन सर्कल कार्यालय में जिला भिवानी व दादरी के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण हेतु बिजली लोक अदालत लगाई गई। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षण अभियन्ता विजेन्द्र सिंह ने 40 उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने बिल से संबंधित, रख-रखाव व सुधार संबंधित और टयूबवैल कनेक्शन से संबंधित आदि समस्याओं को बड़े गौर से सुना। मौके पर समाधान होने वाली समस्याओं का शीघ्र समाधान कर दिया गया। शेष समस्याओं का संबंधित अधिकारी को प्राथमिकता से शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सुविधा मुहैया कराने के साथ-साथ बिजली संबंधित शिकायतों को भी प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को 10:00 बजे से 1:00 बजे तक उपभोक्ताओं की बिजली अदालत लगाकर समस्याएं सुनी जाएगी और उनका समाधान भी किया जाएगा। इस मौके पर भिवानी व दादरी जिले के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यकारी अभियंता व उपमंडल अधिकारी व फरियादी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी 2.0 के लिए आवेदन आमंत्रित

- योजना के तहत बेघर, जीर्णोद्धार व कच्चे मकानों वाले नागरिकों को दिए जाएंगे 2.50 लाख सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत शहरी क्षेत्रों में बेघर, जीर्णोद्धार एवं कच्चे मकानों में रह रहे परिवारों को नए आवास निर्माण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना का लाभ लेने के लिए पीएमएवाई पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत नियमानुसार पात्र नागरिक को 2.50 लाख की सहायता/अनुदान राशि प्रदान की जाएगी। उपायुक्त महावीर कौशिक ने ये जानकारी देते हुए बताया कि शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार व हाउसिंग फॉर ऑल विभाग, हरियाणा के निर्देशानुसार नगर परिषद भिवानी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बेघर, कच्चे/जर्जर मकानों में रहे परिवारों को पक्के मकान का सपना साकार करने के लिए सरकार द्वारा पूर्व में वंचित परिवारों के लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से फॉर्म भरे जा रहे है। योजना का लाभ लेने के लिए नागरिक सीएससी सेंटर पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए नगर परिषद कार्यालय से सम्पर्क करें।

उन्होंने बताया कि पीएमएवाई-यू 2.0 के शुभारंभ की तिथि 01 सितंबर 2024 से पहले लाल डोरा/आबादी-देह क्षेत्र का निवासी होना चाहिए।

### योजना के लिए पात्रता

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, निम्न आय वर्ग व मध्यम आय वर्ग के परिवारों के लिए, लाभार्थी का आधार कार्ड व बैंक खाता, देश के किसी भी भाग में लाभार्थी या उसके परिवार के सदस्य के नाम कोई पक्का मकान ना हो, पिछले 20 वर्षों में किसी सरकारी आवासीय योजना का लाभ ना लिया हो, लाभार्थी योजना के आरम्भ (01.09.2024) से पूर्व हरियाणा राज्य के शहरी क्षेत्र का स्थाई निवासी हो या शहरी क्षेत्र में स्थापित औद्योगिक/वाणिज्यिक इकाई का कर्मचारी, जो कि लेबर वेलफेयर बोर्ड, हरियाणा द्वारा पंजीकृत हो या केन्द्रीय/हरियाणा के किसी विभाग/उपक्रम/बोर्ड का कर्मचारी तथा वर्तमान में शहरी क्षेत्र का निवासी हो, पारिवारिक वार्षिक आय (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तीन लाख तक, निम्न आय वर्ग तीन लाख से छह लाख व मध्यम आय वर्ग छह लाख से नौ लाख रुपए तक) के अनुसार हो।

### अनिवार्य दस्तावेज

पहचान-पत्र के रूप में प्रार्थी तथा परिवार के दूसरे सदस्यों के आधार कार्ड/पैन कार्ड/पासपोर्ट आदि, निवास सत्यापन के लिए वोटर कार्ड, बिजली का बिल, टेलीफोन बिल, राशन कार्ड, पासपोर्ट, बैंक पास बुक, पेंशन बुक, आधार कार्ड या सरकार द्वारा जारी प्रमाणित दस्तावेज, प्रार्थी का पारिवारिक वार्षिक आय प्रमाण पत्र, भूखण्ड/आवास से सम्बन्धित स्वामित्व दस्तावेज (रजिस्ट्री/रजिस्ट्री क्रय-विक्रय पत्र या सरकारी विभाग/उपक्रम/पूर्व पंचायत द्वारा जारी आवंटन-पत्र दस्तावेज/जमाबंदी की प्रमाणित/नोटराईज्ड प्रति), प्रार्थी के चालू बैंक खाते की पासबुक व प्राथी द्वारा पात्रता आदि बारे स्कीम में निर्धारित प्रोफार्मा अनुसार स्वयं घोषणा पत्र (सेल्फ अंडरटेकिंग) आदि दस्तावेज अनिवार्य है।

## संत रोशन लाल विद्यालय ढाणी माहू के विद्यार्थियों का 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं तथा 12वीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में गांव ढाणी माहू के संत रोशन लाल विद्या मंदिर विद्यालय के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। जिसमें विद्यालय की छात्रा उमा ने 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर परचम लहराया। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं व 12वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें संत रोशन लाल विद्या मंदिर ढाणी माहू के होनहार विद्यार्थियों का परिणाम उत्कृष्ट रहा। संत रोशन लाल विद्या मंदिर ढाणी माहू का कक्षा 10वीं व 12वीं का वार्षिक परिणाम शत- प्रतिशत रहा कक्षा दसवीं में मोहित शर्मा, निशा, स्नेह शर्मा, पूर्वा, दिवेश, प्रिंस, संजना, भावदीप सिंह, युक्ति, नेहा, प्रिंस, अनुज कुमार, साकेत यादव, आशु ग्रेवाल और वर्षा ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपना तथा अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया। 44 विद्यार्थियों ने मैरिट में जगह बनाई। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में 35 विद्यार्थियों ने मैरिट में स्थान प्राप्त किया। अनुष्का, समीर, मोहित ग्रेवाल, हिमांशी पंघाल, निशा, राहुल, तनु व नेहा ने फाइन आर्ट विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किये। उमा, नैंसी, अर्पिता, अनुष्का, कविता, अंकित, मिंकी व नैना ने संगीत विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किये। इस शुभ अवसर पर यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने होनहार विद्यार्थियों अभिभावकगण व छात्रों को कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी।



**तोशाम।** उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### एनओसी जारी करने का कार्य करें: एडीसी

**भिवानी।** एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल की अध्यक्षता में स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में जिला स्तरीय क्लीरियंस कमेटी (डीएलसीसी) व जिला स्तरीय ग्रीवेंस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। एडीसी श्री नागपाल ने एनओसी जारी करने से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में एनओसी जारी करने के निर्देश दिए। एडीसी ने बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा एचईपीसी पोर्टल के माध्यम से ऑन लाईन क्लीरियंस के समयबद्ध निपटान की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जिन विभागों की सीएएफ ज्यादा समय से लंबित हैं, वे विभाग अति शीघ्र निपटान करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उद्योगों को बढ़ावा देना मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की प्राथमिकता है।

# जीरों भी नहीं तोड़ पाए प्रदेश के 14 स्कूल

- सौ स्कूल 35 फीसदी के आंकड़े को भी नहीं कर पाए पार,कैसे हो शिक्षा में सुधार

पुरुषोत्तम तंवर ▶▶| भिवानी

तमाम तरह की सुविधाएं व प्रशिक्षण दिलाए जाने का शिक्षकों पर तनिक भी असर नहीं होता दिख रहा। चूंकि इस बात का अंदाजा हालही में शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित सीनियर सेंकेडरी के रिजल्ट से लगाया जा सकता है। प्रदेश में 14 स्कूल ऐसे है, जिनका रिजल्ट जीरों है। इन स्कूलों का एक भी परीक्षार्थी उत्तीर्ण नहीं हो पाया है। वह बात दिगर है कि इन स्कूलों में बच्चों की संख्या एक या दो ही हो सकती है,लेकिन इन बच्चों को पढाने के लिए पर्याप्त शिक्षक नियुक्त है। इस तरह के रिजल्ट से तो यही अनुमान लग रहा है कि या शिक्षकों ने बच्चों की पढाई पर ध्यान नहीं दिया या फिर ये कह सकते है कि शिक्षकों द्वारा करवाई गई पढाई बच्चों के सिर के उपर से गई। फिलहाल इस तरह के स्कूलों की सूची तैयार करके शिक्षा विभाग को भेजने की तैयारी है।

### 100 स्कूल के 65 फीसदी बच्चे हुए फेल

हरियाणा में कल बाहरवी कक्षा का रिजल्ट घोषित किया गया। बोर्ड ने यू तो ने 85.66 प्रतिशत रिजल्ट घोषित किया रहा लेकिन अब हर जिले की लिस्ट आई तो परिणाम चोकने वाले भी दिखाई दे रहे है। कई स्कूल तो ऐसे है जिनका रिजल्ट जीरो है जबकि कई स्कूल ऐसे जो 35 प्रतिशत का आकड़ा भी पार नहीं कर पाए है। बोर्ड ने ऐसे 100 स्कूलों की लिस्ट को शिक्षा निदेशालय को भेज दिया है। हैरानी की बात यह है कि इन स्कूलों में संकाय के हिसाब से शिक्षक नियुक्त है। इन स्कूलों में बच्चों के पढने व पढाने की सभी सुविधाएं उपलब्ध है। उसके बाद इतना कम रिजल्ट आना अभिभावकों की समझ से परे है।

### रिजल्ट कम आने के कारणों पर होगा मंथन:चेयरमैन

बोर्ड चेयरमैन डॉ पवन कुमार बताया कि कुछ स्कूलों का रिजल्ट जीरों है। उनमें बच्चों की संख्या एक या दो ही है। इनके अलावा कुछ स्कूलों का रिजल्ट 35 फीसदी के आंकड़े को पार नहीं कर पाया। ऐसे स्कूलों की लिस्ट शिक्षा विभाग को भेज दी है साथ ही शिक्षा मंत्रालय को भी भेजी है। साथ ही जिन स्कूलों का रिजल्ट कम आया है उन स्कूलों के अध्यापकों का ओरिंटेशन प्रोग्राम होने चाहिए, वही छात्रों व उनके अभिभावकों से मिलना चाहिए ताकि जानकारी हासिल हो सके की आखिर रिजल्ट कम आने का क्या कारण रहा।


**बवानीखेड़ा।** गांव लोहारी जाटू के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं के अव्वल आने पर स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### लोहारी जाटू के राकवमावि की छात्राओं ने मारी बाजी

**बवानीखेड़ा।** गांव लोहारी जाटू के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के कुल 50 छात्राओं में से 14 ने मैरिट प्राप्त की। प्राचार्या पुष्पा जोशी ने स्टाफ संग मिलकर छात्राओं का मुंह मीठा करवाया व उन्हें बधाई दी। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों को ऐसे ही मेहनत करनी चाहिए वहीं उन्होंने इसका श्रेय बच्चों व गुरूजनों को दिया और बताया कि छात्राओं ने गुरूजनों की दी शिक्षा पर अमल करके बाजी मारी है। उन्होंने छात्राओं को जीवन में ऊँचाइयों को छूने के भी टिप्स दिए।

## पटौदीकलां स्कूल की रितु ने बोर्ड परीक्षा में प्राप्त किए 94 फीसदी अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित किए 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में पटौदी कलां स्कूल की रितु ने 94 फीसदी अंक प्राप्त कर गांव, स्कूल व परिजनों का नाम रोशन किया। स्कूल प्राचार्य सुनील जैन ने कहा कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती, एक छोटा सा प्रयास कामयाबी की तरफ लेकर जाता है। प्राचार्य जैन ने बताया कि इस वर्ष भी गत वर्ष की भांति विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय में 8 बच्चे मेरिट में आए हैं। प्रथम स्थान पर रितु ने 469 अंक, द्वितीय स्थान पर सीमा ने 452 अंक व तृतीय स्थान पर प्रियंका ने 448 अंक प्राप्त किए। बोर्ड की 12वीं परीक्षा में प्रथम आठ स्थानों पर लड़कियों ने बाजी मारी। भूगोल विषय में 6 बच्चों ने 95 से ज्यादा व 3 ने 99 अंक प्राप्त किए। भूगोल विषय के प्राध्यापक सुरेश सांगवान की कड़ी मेहनत का परिणाम है। राजनीति शास्त्र में 5 बच्चों ने 95 से ज्यादा तथा इतिहास में एक विद्यार्थी ने 95 से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। प्राचार्य ने दोनों ग्राम पंचायत से समाज सेवी सचिन श्योराण, पूर्व सरपंच रोहताश व समस्त स्टाफ सुरेश सांगवान, रविन्द्र, रामपाल, पवन कुमार डीपीई, सुरेश, दलबीर, रीतु, किरण, आनंद विद्या, अनिल, शुभम, राजेन्द्र, अनिल जेबीटी, रामअवतार का आभार जताया।



रितु को सम्मानित करते प्राचार्य व शिक्षक।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पालुवास का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**भिवानी।** सीबीएसई द्वारा संचालित 10वीं और 12वीं की परीक्षा में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पालुवास का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं के 77 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें आशु प्रकाश ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं के विज्ञान संकाय में 40 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के होनहार छात्र विवेक नारायण ने 95% अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। वाणिज्य संकाय की छात्रा वंशिका ने एसजीएफआई में बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक प्राप्त करने के साथ-साथ 12वीं की परीक्षा में भी 87% अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के प्राचार्य मोहिंदर सिंह ने शानदार परीक्षा परिणाम के लिए अध्यापकों और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## बरसाती मौसम से पहले नालों और सीवरों की

- लगातार होगी निगरानी, लापरवाही बरतने पर होगी सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

आगामी बारिश के मौसम में जिला के अंदर जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। मानसून एवं प्री मानसून से पहले ही संबंधित विभाग सभी नालों की सफाई करना सुनिश्चित करें। इस कार्य की निगरानी भी करवाई जाएगी। अगर कहीं कोई कोताही मिलती है तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने संबंधत विभागों को निर्देश जारी कर कहा है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार जिला में बरसाती मौसम में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए जाए और साथ ही जिले के सभी मुख्य नालों और ड्रेनेज सिस्टम की सफाई सुनिश्चित की जाए। इस कार्य की मॉनिटरिंग स्वयं मुख्यमंत्री निरंतर कर रहे हैं। लापरवाही बरतने पर सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर इस कार्य की निरंतर समीक्षा के लिए बैठक की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त आदेश देते हुए कहा की शहर के सभी नालों एवं सीवरों की सफाई करना सुनिश्चित करें ताकि आगामी बारिश के मौसम में शहर वासियों को जल भराव की समस्या का सामना न करना पड़े। सम्बंधित विभाग आपस में समन्वय बनाकर इस कार्य को करना सुनिश्चित करें, जिससे नालों एवं सीवरों की सफाई जल्द से जल्द हो सके।

### भारतीय सेना के पराक्रम से पूरी दुनिया हुई अचंभित: सांसद धर्मबीर

# प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को दिया करारा जवाब: सांसद

### भारतीय सेना के सम्मान एवं पराक्रम को जन-जन तक पहुंचाने को निकाली जा रही तिरंगा यात्राएं: सांसद

- लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों से बोले धर्मबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल और सशक्त नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब दिया है।

दुनियाभर के सभी देशों ने भारतीय सेना के पराक्रम का लोहा माना है, ऐसे में भारतीय सेना का जितना सम्मान और प्रशंसा की जाए, उतनी कम है। भारतीय सेना के सम्मान में देशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं, जिनका मकसद सेना के शौर्य और पराक्रम की गाथा को जन-जन तक पहुंचाना है। सांसद धर्मबीर सिंह बुधवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।


लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज भारत सहित दुनिया के लगभग सभी देश चाहते हैं कि विश्व से आतंकवाद का सफाया हो। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के देशों ने ये मान लिया है कि भारतीय सेना बहुत ही ताकतवर और संगठित हैं।

सुरक्षा की दृष्टि से हमारे पास नवीनतम तकनीक है। परिणाम स्वरूप पाकिस्तान द्वारा छोड़े गए ड्रोन को हमारी सेना ने जवाबी कार्रवाई से हवा में ही नष्ट किया और इससे किसी भी प्रकार से जान-माल की हानि नहीं हुई।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अपनी परमाणु शक्ति से भारत को डराने का प्रयास किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय सेना पर उनकी इस बात का कतई भी प्रभाव नहीं हुआ। भारतीय सेना के जज्बे और हौसले की बदौलत आज हम सुरक्षित हैं। सैनिकों के सम्मान और उनका हौसला बढ़ाने के लिए देशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं।

तिरंगा यात्राओं का मकसद भारतीय सेना के पराक्रम को जन-जन तक पहुंचाना है। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में 15 मई को जिला दादरी से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा, ये तिरंगा यात्रा 17 मई को निकाली जाएगी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, धर्मवीर नेहरा, रामकिशन हालुवासिया और पंकज कौशिक भी मौजूद रहे।

### आतंकवाद का करारा जवाब

*सांसद ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी घटना के बाद पूरा देश चिंतित था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी सूझबूझ से तीनों सेनाओं के प्रमुखों को आतंकवाद का करारा जवाब देने के लिए खुली छूट दी। परिणामस्वरूप हमारी सेना ने सिंदूर ऑपरेशन के माध्यम से पाकिस्तान के अंदर जाकर नौ आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, ये आतंकवादियों के ट्रेनिंग सेंटर थे। सांसद ने कहा कि भारतीय सेना ने मानवता का प्रमाण देकर केवल पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को ही निशाना बनाया। भारतीय सेना के इस जवाब से पाकिस्तान भी अचंभित हुआ। जबकि पाकिस्तान ने अपनी हवाई सेवाएं खुली रखी और वहां पर आमजन का आवागमन भी रहा। पाकिस्तान की कहीं न कहीं ये मंशा रही कि भारत द्वारा भूल से ही सही, उनके आम नागरिक निशाना बन जाएं, ताकि वे भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मंच पर बोल सकें, लेकिन भारतीय सेना ने अपनी सूझबूझ से काम लिया और आतंकवादियों क नेस्तनाबूद किया।*

## खबर संक्षेप

### युवक पर हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी** जिला पुलिस भिवानी के द्वारा जिले में संगीन अपराध करने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है जो इसी क्रम में थाना शहर पुलिस भिवानी ने वैश्य कॉलेज भिवानी में युवक के साथ मारपीट करके के मामले में दो आरोपियों को गिरफतार करने में सफलता हासिल की है। बिनोद निवासी मिनी बाईपास भिवानी ने थाना शहर पुलिस भिवानी को एक शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वैश्य कॉलेज भिवानी में उसके दोस्त को लेने के लिए गया था जो कॉलेज के कमरे में बैठे हुए थे तभी वहां पर कुछ लड़के आए और जिन्होंने आते ही नुकिले हथियार से हमला कर दिया था। जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना शहर भिवानी में दर्ज किया था।

### बीरन में 35 साल पुराने अवैध कब्जे हटवाए

**भिवानी।** जिला के गांव बीरण की शमशान भूमि पर करीबन 35 वर्षो पुराने कब्जे को बुधवार को जिला प्रशासन द्वारा हटवाया गया। जिला प्रशासन द्वारा बीडीपीओ सोमबीर सिंह कादयान को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। इस दौरान बीडीपीओ सोमबीर सिंह कादियान व सरपंच सुल्तान सिंह के नेतृत्व में कब्जे हटवाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान उनके साथ ग्राम सचिव रोहतास सिंह, कानूनगो सुमेर सिंह, ब्लॉक पटवारी योगेश, हल्का पटवारी संदीप सिंह, सरपंच सुल्तान सिंह भी मौजूद रहे। सरपंच सुल्तान सिंह ने बताया कि प्रशासन ने बुधवार को गांव में करीबन 35 वर्षो से चले आ रहे अवैध कब्जों को हटाकर एक बड़ा कदम उठाया। उन्होंने बताया कि वर्षो से सरकारी भूमि पर बने इन अतिक्रमणों को लेकर ग्रामीणों में असंतोष था, जिसे लेकर प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए बड़ी कार्रवाई की। सरपंच ने बताया अवैध कब्जा छुड़वाई गई जमीन पर जल्द ही शमशान घाट की चारदिवारी व सौंदर्यकरण का काम ग्राम पंचायत बीरण करेगी। इस मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट बीडीपीओ सोमबीर सिंह कादयान ने बताया कि सरकारी रिकॉर्ड में यह भूमि शमशान भूमि

### जिले में ड्रोन के उपयोग पर रहेगी पाबंदीः डीसी

**भिवानी।** सरकार के निर्देशानुसार 25 मई तक जिला के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में ड्रोन जैसे किसी भी मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) के उपयोग/उड़ान पर प्रतिबंध लगाया गया है। भारतीय सशस्त्र बलों, सीएपीएफ, राज्य पुलिस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ को ड्रोन के उपयोग में छुट दी गई है। उपायुक्त महावीर कौशिक ने ये जानकारी देते हुए बताया कि ड्रोन को लेकर सरकार ने प्रतिबंध लगाया है। इसके लिए एडवाइजरी भी जारी की गई है। सरकार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे आदेशों के अनुरूप निम्नलिखित सलाह के अनुरूप ड्रोन की कड़ी निगरानी रखें। राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में संबंधित अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र में किसी भी मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) पर कड़ी निगरानी रखें। यदि कोई मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) उड़ता हुआ या किसी व्यक्ति द्वारा परिवहन/ले जाया जाता हुआ दिखाई दे।

## जनसंघर्ष समिति ने ओपीडी शुरू करवाने सहित अनेक मांगें उठाई

# नागरिक अस्पताल की समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

नागरिक अस्पताल की ओपीडी बंद होना आमजन के लिए असुविधा एवं अन्याय: कामरेड ओमप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी






भिवानी। नागरिक अस्पताल में ओपीडी शुरू करवाने को लेकर धरने के दौरान नारेबाजी करते जनसंघर्ष समिति के सदस्य। व सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य को ज्ञापन सौंपते जनसंघर्ष समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

जनसंघर्ष समिति ने चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में दोबारा ओपीडी शुरू करवाने, पुरानी जर्जर चारों लिफ्टों की जगह नई लिफ्टें लगवाने व चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल का बोर्ड लगवाने की मांग को लेकर अस्पताल में प्रदर्शन कर धरना दिया तथा सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल के माध्यम से राज्य की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के नाम मांगपत्र सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापारी नेता देवराज महता ने की। जनसंघर्ष समिति के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि पंडित नेकीराम शर्मा मैडिकल कॉलेज शुरू होना भिवानी की जनता के लिए अच्छा है, लेकिन कालेज में विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए नए स्पेस्लिस्ट चिकित्सक व पैरामैडिकल स्टाफ अलग से भर्ती होना चाहिए था।

उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन व राज्य सरकार ने नागरिक अस्पताल के डाक्टरों को पुरानी ओपीडी से मैडिकल भवन में बैठा दिया और नागरिक हस्पताल की ओपीडी को बंद कर दिया और जनता के लिए असुविधा पैदा कर दी। कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि अब जनता को ओपीडी के लिए मैडिकल कालेज जाना पड़ता है और विभिन्न बीमारियों के टेस्ट करवाने व दाखिल होने के लिए वापिस नागरिक हस्पताल भवन में आना पड़ता है।

यही नहीं अस्पताल की चारों लिफ्ट जर्जर व खराब होने के कारण मरीजों व उसके अभिभावकों के लिए भारी परेशानी का कारण बना हुआ है, इसलिए आज संघर्ष समिति ने जनता की आवाज उठाने के लिए स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन भिजवाया है। कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि इससे पहले जनसंघर्ष समिति के नेतृत्व में एक ज्ञापन महिला बाल विकास एवं सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी को उनके निवास स्थान पर जाकर दिया था। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे इस ओर जरूर आवश्यक कार्यवाही कराएंगी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके चलते नागरिकों में रोष है।

**ये रहे मौजूद**

प्रदर्शन में दवा विक्रेता संघ के जिला प्रधान सुशील सरदाना, दीपक कुमार, अजय महता, राजेंद्र शर्मा, राजेश अनदानी, संजय मुंजाल, कैलाश जैन, सुनील बागड़ी, किसान नेता मास्टर शेरसिंह, प्रेम सिंह सेखावत, करतार ग्रेवाल, महाबीर फौजी, मजदूर नेता कामरेड अनिल कुमार, राममेहर सिंह, सुखदेव पालुवास, फूलचंद, एससी नेता राजेंद्र कालवास, हसला के पूर्व प्रधान दिलबाग ग्रेवाल, नरेन्द्र स्योकंद, महेंद्र तंवर समाजसेवी, कामरेड रवि खन्ना, नरेश शर्मा, महेंद्र फकीर, रामकिशन, रामचन्द्र सैनी, बलवान दरोगा, मास्टर चांदीराम, महिला नेत्री अनुराधा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## आरपीएस का सीबीएसई 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में आरपीएस संस्था के 10वीं कक्षा के 1212 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक एवं 12वीं कक्षा के 572 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। आरपीएस के कक्षा 10वीं में ध्रुव सिंगरोहा 99.60 प्रतिशत, गार्गी दलाल ने 99.40 प्रतिशत व रिशिका, अमीषी, वसुंधरा, वंदिता, सुहानी, लक्षिता ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता का शिखर छुआ तो वहीं 12वीं कक्षा के अनुष्का रॉय व पर्व ने 99, हर्षिता यादव ने 98.8 प्रतिशत, पवन ने 98.6 प्रतिशत, वैष्णवी पाण्डेय 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी सर्वश्रेष्ठता की अमिट छाप छोड़ी। आरपीएस संस्था सीईओ इंजि. मनीष राव ने बताया कि कक्षा 10वीं के 8 विद्यार्थियों ने 99 प्रतिशत से अधिक, 77 विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत से अधिक, 169 विद्यार्थियों ने 97 प्रतिशत से अधिक, 284 विद्यार्थियों ने 96 प्रतिशत से अधिक, 434 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक एवं 1212 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर सीबीएसई बोर्ड के परीक्षा परिणामों में पूरे विश्व में आरपीएस की सर्वश्रेष्ठता की झलक बिखेरी तो, वहीं कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में आरपीएस के 19 विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत से अधिक, 61 विद्यार्थियों ने 97 प्रतिशत से अधिक, 95 विद्यार्थियों ने 96 प्रतिशत से अधिक, 147 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक, 572 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर पूरे देश में अभिभावकों एवं शिक्षकों का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि एकबार पुनः आरपीएस ग्रुप ने साबित कर दिखाया कि जेईई-आईआईटी, नीट-मेडिकल, एनडीए-एसएसबी, क्लैट, यूपीएससी, सीए, सीएस, ओलम्पियाड एवं सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के अलावा सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में बेहतरीन परिणामों की खान है। आरपीएस शैक्षिक, सहशैक्षिक, खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाईड एवं सामाजिक सरोकार के कार्यों में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि कक्षा 10वीं के 302 विद्यार्थियों ने इंग्लिश, मैथ्स, सांईस, सामाजिक विज्ञान, संगीत, आईटी, एआई में 100/100 अंक प्राप्त किए तो वहीं कक्षा 12वी में भी 412 विद्यार्थियों ने इतिहास, बिजनेस स्टडिज, एकांउटेंसी, इकॉनोमिक्स, हिंदी, पेटिंग, फाईन आर्टस, पोलिटिकल सांईस, साइकोलाजी, भूगोल विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल कर सर्वश्रेष्ठता का बेजोड़ व अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस परीक्षा परिणाम के मौके पर पर उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने बताया कि देश की बड़ी से बड़ी परीक्षा परिणामों में भी विद्यार्थियों को टॉप पर ले जाने के लिए सदा दृढ़ संकल्पित है।

## ग्राम विकास एवं शिक्षा समिति ने भेंट किए पंखे

■ सराहनीय कार्य के लिए अध्यापकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



स्कूल में पंखे भेंट करते ग्राम विकास एवं शिक्षा समिति के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

सरकारी स्कूल के छात्रों को बेहतर शिक्षण सुविधाएं प्रदान करने के लिए ग्राम विकास एवं शिक्षा समिति प्रेमनगर ने गांव के हाई स्कूल में 10 पंखें और एक इन्वर्टर बैटरी भेंट की। इस अवसर पर सराहनीय कार्य के लिए विद्यालय के अध्यापकों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित अध्यापकों और समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए समिति के प्रधान आजाद ने कहा कि समिति गांव के सभी सरकारी विद्यालयों के भौतिक विकास और छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास करती रहेगी।

समिति के संस्थापक एवं गांव के सरपंच राजेश कुमार ने कहा कि ग्राम पंचायत और शिक्षा समिति दोनों के सामूहिक प्रयासों के फलस्वरूप गांव के सरकारी स्कूलों की दशा और शिक्षा स्तर उन्नति की ओर अग्रसर है। उन्होंने बुनियादी लेवल की परीक्षा में विद्यालय के तीन छात्रों का चयन होने पर गणित अध्यापिका सारिका की सराहना करते हुए सभी अध्यापकों की पीठ थपथपाई और विद्यालय के छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास का आह्वान किया। समिति के महासचिव पूर्व प्राचार्य रमेश बूरा ने कहा कि समिति ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार, गांव के विकास एवं सौंदर्यीकरण, पौधरोपण और नशे के खिलाफ लोगों में जागरूकता लाने की मुहिम चला रखी है।

जिसके सकारात्मक परिणाम भी आ रहे है। विद्यालय के कार्यवाहक मुख्याध्यापक शिवकुमार ने सभी का स्वागत किया तथा विद्यालय को पंखें भेंट करने के लिए समिति का आभार जताया। इस अवसर पर शिक्षिका सारिका, गीता, मुन्नी देवी, कांता डीपीई, राजसिंह, विनोद दूहन, सुदेश कुमार, कुलवंत बूरा, जगपाल प्रधान, मंगल सिंह, राजेश बूरा, संदीप रेलवे व योगेश गोठवाल आदि उपस्थित रहे।

*जिला स्तरीय चिन्हित अपराध एनकोर्ड समिति की बैठक*

## सीटीएम ने की नाकोर्ड व चिन्हित अपराध की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



जिला स्तरीय चिन्हित अपराध एनकोर्ड समिति की बैठक लेते सीटीएम। फोटो : हरिभूमि

सीटीएम जितेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चिन्हित अपराध एनकोर्ड समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने विभागाध्यक्षों को विभाग से संबंधित सभी कार्यों को तत्परता से करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तरीय समिति के सदस्यों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में दर्ज संगीन अपराधों की जांच में तेजी लाने के साथ-साथ मामलों की गहनता और निष्पक्षता से जांच करके कानून के दायरे में अपराधियों को सजा दिलवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके।

बैठक में चिन्हित अपराध के अंतर्गत आने वाले आपराधिक मामलों पर भी चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किए गए मामलों में की गई कार्रवाई की प्रगति के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने दादरी को नशा मुक्त जिला बनाने को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में नशे के कारोबार और नशा बेचने वालों पर शिकंजा कसने के लिए कार्रवाई की जाए। चिंहित अपराध की दिशा में जिला न्यायवादी कार्यालय की और से गंभीर प्रयास किए जाने चाहिए। पुलिस अधिकारियों ने बैठक में बताया कि जिला में नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस की ओर से विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## विद्यार्थियों ने 36 यूनिट रक्त दान किया

■ उमस भरी गर्मी में भारतीय सेना के प्रति युवाओं में रहा भारी उत्साह एवं जोश : डॉ. पवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी




रक्तदाताओं को बैज लगाते बोर्ड चेयरमैन डॉ. पवन शर्मा व अन्य अतिथि।

वंदे मातरम, जय जवान जय किसान, भारत माता की जय के नारों के साथ सैंकड़ों युवाओं ने भारतीय सेना के पराक्रम को सलाम किया। डॉ. आंबेडकर कॉलोनी स्थित गुरू रविदास धर्मशाला में संचालित डॉ. आंबेडकर फ्री डिजिटल लाइब्रेरी के युवा ने शहीद-ए-आजम वीर ऊधम सिंह प्रदेश महासभा व पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में एक कदम हरियाली की ओर, महात्मा ज्योतिबा फुले धर्मार्थ ट्रस्ट व डॉ. आंबेडकर समाजसेवा समिति हनुमान गेट के विशेष सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर में महन्त चरणदास महाराज सानिध्य का रहा। वहीं मुख्यतिथि के रूप में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड चैयरमेन डॉ. पवन शर्मा व नप चेयरमैन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह मौजूद रहे।

मंच संचालन शहीद-ए-आजम वीर ऊधम सिंह प्रदेश महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राजू मेहरा ने किया। शिविर में 36 युवाओं ने रक्तदान किया और सैंकड़ों युवाओं का रजिस्ट्रेशन किया। भारतीय सेना के प्रति आज युवावर्ग में सम्मान इस कदर छाया हुआ हैं कि बेटियों ने भी शिविर में रक्तदान किया। महंत चरणदास महाराज ने कहा कि आज का युवा अपने देश के प्रति मर मिटने को तैयार हैं, लेकिन युद्ध सामाधान भी नहीं है। बोर्ड चैयरमेन डॉ. पवन शर्मा ने कहा कि भारत एक शांति प्रिय देश है, हमारे देश के लोगों में साकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का जज्बा है।

## त्रिवेणी रोपित कर भावेश ने मनाया 8वां जन्मदिन

■ मानव जीवन एवं पर्यावरण संतुलन में पेड़-पौधों का अहम योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



पुराना बस स्टैंड परिसर में त्रिवेणी रोपित करते खेलप्रेमी। फोटो : हरिभूमि

मानव जीवन में वृक्षों का बहुत अधिक महत्व है, वृक्ष पर्यावरण संतुलित रखने के साथ-साथ मानव के खाद्य सामग्रियां और औषधियां भी देते हैं। वृक्षों का मानव जीवन व पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने में सबसे बड़ा योगदान है।

पौधरोपण किसी एक विभाग या व्यक्ति का कार्य नहीं है, बल्कि यह हम सभी का दायित्व है कि न केवल पौधरोपण करे, बल्कि रोपित किए गए पौधों की देखभाल की जिम्मेवारी भी लें, ये बात पर्यावरण प्रेमी हवलदार लोकराम नेहरा ने बलबीर संभ्रवाल के बेटे भावेश के 8वें जन्मदिन पर पुराना बस स्टैंड स्थित प्लाजा पार्क में त्रिवेणी रोपित के दौरान कही।

पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा ने उपस्थित सभी से आह्वान किया कि वे अपने जन्मदिन पर कम से कम एक त्रिवेणी जरूर रोपित करें। पौधारोपण के महत्व को समझाते हुए लोकराम नेहरा ने कहा कि पेड़-पौधें हमें प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के साथ-साथ हमारे वातावरण की सुंदरता को भी बढ़ाते है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के साथ-साथ मानव जीवन पर मंडरा रहे पर्यावरण संकट को दूर करने के लिए पौधरोपण करना जरूरी है। इसके साथ ही नेहरा ने बताया कि त्रिवेणी बाबा के सानिध्य में नागरिकों को किसी भी शुभ या अन्य अवसर पर त्रिवेणी रोपित करने के लिए प्रेरित करने के साथ ही उन्हें निःशुल्क तौर पर त्रिवेणी भी मुहैया करवाते है, ताकि आने वाला भविष्य पर्यावरण प्रदूषण से मुक्त हो, लेकिन उनके द्वारा मुहैया करवाई गई त्रिवेणी रोपित करने के साथ ही उसके संरक्षण का भी बीड़ा उठाना पड़ता है। इस मौके पर शंकर नर्सरी संचालक चंद्र मोहन, ओमप्रकाश, बलबीर संभ्रवाल, पूनम संभ्रवाल, कांता लोहचाब, ब्रिजो देवी, ग्यारसी देवी आदि मौजूद रहे।

**जनसंपर्क अभियान** ग्रामीणों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल मुहैया करवाना सुनिश्चित करें अधिकारी

# इलाके की जनता का हमेशा एहसानमंद रहूंगी : श्रुति चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। लोगों की समस्याएं सुनती मंत्री श्रुति चौधरी। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश की सिंचाई तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि तोशाम विधान सभा क्षेत्र और भिवानी में सार्वजनिक विकास कार्य करवाने की जिम्मेदारी उनकी है। यहां की जनता ने उनको जो आशीर्वाद दिया है, इसके लिए वे जीवन भर एहसानमंद रहेंगी। तोशाम विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

उन्होंने सिंचाई और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांव में पर्याप्त स्वच्छ पेयजल पहुंचना सुनिश्चित करें। सिंचाई तथा महिला में बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी मंगलवार को तोशाम विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने गांव खारीयावास, धारवाणबास, इंदीवाली, देवराला, गामडी देवराला व खापड़बास, लाडियावाली, बिजलानाबास व डाबढ़ाणी में जनसमस्याएं ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। उन्होंने गांव धारवाणबास व इंदीवाली में ई-लाईब्रेरी का उद्घाटन किया तथा खारियाबास में फिरनी के कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की बिजली, पानी, सडक़, पेयजल, गली निर्माण आदि समस्याओं को सुना और मौके पर मौजूद अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने बुरे से बुरे समय में भी उनके परिवार का साथ दिया है।

जिसको वे कभी नहीं भुला पाएंगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्य में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। तोशाम विधान सभा क्षेत्र विकास कार्यों में अव्वल स्थान पर होगा।

**घर-घर पानी पहुंचाना सुनिश्चित करे**

ग्रामीणों की पेयजल संबंधित समस्याएं सुनते हुए श्रुति चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांवों में स्वच्छ एवं पेयजल घर-घर पहुंचना सुनिश्चित करें, इसके लिए जहां भी बूस्टिंग स्टेशन, पाइपलाइन, बिजली फीडर या टैंक निर्माण की आवश्यकता हो, वे तुरंत प्रभाव से करवाए जाएं। उन्होंने सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग और बिजली विभाग के अधिकारियों को आपकी तालमेल के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा बीबीएमबी में हरियाणा के हिस्से का पानी रोकना सरासर गलत है, हरियाणा अपने हक का पानी लेकर रहेगा। किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मुहैया करवाया जाएगा।

**मजबूत हाथों में है भारत का नेतृत्व : श्रुति**

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्रुति चौधरी ने कहा कि देश का नेतृत्व सबसे मजबूत हाथों में है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भारत ने पाकिस्तान को पहलगाम की आतंकवाद की घटना का मुंहतोड़ और करारा जवाब दिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश लगातार मजबूत फैसला ले रहा है। उन्होंने कहा कि पहलगाम की आतंकी हमले की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि वायु सेवा द्वारा किए गए सिंदूर ऑपरेशन को देश ही नहीं दुनिया ने देखा है और भारत की ताकत का एहसास हुआ है। सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने गांव गोलागढ़ का दौरा कर अपने दादा स्वर्गीय हरिसिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने हरिसिंह के निधन पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

■ हरियाणा की राजनीति एवं समाज के लिए बड़ी क्षति हरिसिंह का निधन : बृजेंद्र सिंह

पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल के भाई हरिसिंह के निधन पर रोजाना विभिन्न सामाजकि एवं राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोग गांव गोलागढ़ स्थित उनके निवास पर पहुंचकर शोक जता रहे है। इसी कड़ी में पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह बुधवार को हरिसिंह के निधन पर शोक जताने उनके निवास स्थान पहुंचे तथा उनके निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

बता दें कि हरिसिंह का बीते दिनों 80 वर्ष की आयु में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया, वे अपने गांव में रहकर कृषि कार्यों में संलग्न रहते थे। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि हरिसिंह का दुनिया से चले जाना न केवल उनके, बल्कि समस्त समाज के लिए अत्यंत दुःखद है, वे मिलनसार एवं सामाजिक प्रवृत्ति के धनी थे, जो समाजसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। उनके निधन से हरियाणा की राजनीति और समाज के लिए एक बड़ी क्षति पहुंची है। ईश्वर उनके परिवार को अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर युवा शक्ति बदलाव संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिवाच, सुखबीर कमांडो, मनजीत धनाना, विरेंद्र व अनूप सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सिविल डिफेंस वालेंटियर का प्रशिक्षण शिविर आज

**चरखी दादरी।** आपात स्थिति से निपटने में जिला प्रशासन के साथ नागरिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिलावासी सिविल डिफेंस वालंटियर बनने के लिए स्वयं आगे आएं। जिला के युवा, पूर्व सैनिक, स्वास्थ्य कर्मी व अन्य सामाजिक कार्यों में रूचि रखने वाले नागरिक सिविल डिफेंस वालंटियर के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। प्रशिक्षण सचिवालय परिसर के मैदान में आज सुबह 10 बजे शुरू होगा।

### उपचुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**चरखी दादरी।** जिले में उप चुनाव के लिए वार्ड वाइज मतदाता सूची तैयार कर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि जिला के खंड बौंद कलां व झोझू की ग्राम पंचायत के उप चुनाव के लिए वार्ड वाइज मतदाता सूची तैयार कर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय, ग्राम पंचायत सचिव के अलावा जिला की वेबसाइट पर भी मतदाता सूची देख सकता है।

### बोर्ड परिणाम में बीपीआर स्कूल के विद्यार्थी छाए

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बीपीआर इंटरनेशनल स्कूल के छात्राओं ने 10वीं कक्षा के सीबीएसई परीक्षा परिणाम में बाजी करने का काम किया। निदेशक उमेश भारद्वाज, वीना मलिक, प्राचार्या ज्योति अरोड़ा ने विद्यार्थियों को बधाई दी। नेहा ने 94, विधि ने 90, दिव्या ने 86, प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल के निदेशक उमेश भारद्वाज ने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी हर वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं जिससे विद्यालय का नाम सुर्खियों में आने लगा है और लोगों का विश्वास जीतने लगा है।

# सीएम ने फोन पर टॉपर नमन को दी बधाई, परिवार खुश

## हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड : नमन कुमार ने विज्ञान संकाय में प्रदेश में किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के घोषित परिणाम में विज्ञान संकाय में प्रदेश में टॉप स्थान पर रहने वाले पीएस नवयुग स्कूल तोशाम के छात्र नमन का मंगलवार देर सांय उस समय खुशी का ठिकाना नहीं रहा जब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनको फोन कर बधाई और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री द्वारा शुभकामनाएं देने पर न केवल नमन, बल्कि परिजन, स्कूल स्टाफ भी खुशी के मारे फूला नहीं समा रहे। वहीं नमन की उपलब्धि पर स्कूल स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। नमन



**भिवानी।** 12 वीं की परीक्षा में टॉपर रहे नमन को बधाई देते मुख्यमंत्री।

कुमार ने 493 अंक हासिल कर विज्ञान संकाय में प्रदेश में टॉप स्थान हासिल किया व हरियाणा में टॉप 10 में पांचवें स्थान पर रहे हैं। अपनी कड़ी मेहनत और उपलब्धि से नमन ने अपने माता-पिता और स्कूल के साथ-साथ इलाके का नाम भी रोशन किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार देर शाम 8:10 पर फोन कर नमन को बधाई दी। यहां यह भी बताना जरूरी है कि मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर के अव्वल आने वाले होनहार विद्यार्थियों से बात की हैं, उनमें पीएस नवयुग स्कूल तोशाम के छात्र नमन भी शामिल रहे हैं। पीएस नवयुग स्कूल के प्राचार्य अनिल कुमार ने कहा कि उनके लिए इससे बड़ी और क्या खुशी हो सकती है कि स्वयं मुख्यमंत्री ने नमन कुमार को फोन कर बधाई दी। इससे पूरा स्टाफ खुश है । मुख्यमंत्री का नमन को फोन कर बधाई देना अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। नमन के प्रदेश में प्रथम आने के साथ-साथ मुख्यमंत्री सैनी द्वारा फोन कर बधाई देने पर स्कूल में मिठाइयां बांटी गई। स्टाफ सदस्यों के साथ-साथ विद्यार्थियों ने भी एक दूसरे को बधाई दी। विद्यार्थियों को एहसास हुआ कि कड़ी मेहनत से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। यदि वे कठिन परिश्रम करें तो उनको भी मुख्यमंत्री से बधाई मिल सकती है।

### ऐसे ही मेहनत कर आगे बढ़ते रहें : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि नमन ने स्वयं के साथ-साथ माता-पिता का नाम भी रोशन किया है। वे इसी तरह कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ते रहें। हमारी शुभकामनाएं हमेशा तुम्हारे साथ हैं। वहीं दूसरी ओर नमन ने बताया कि मुख्यमंत्री का उनके पास में फोन आना अकल्पनीय और अविश्वसनीय रहा। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा बधाई दिए जाने की बात जब अपने माता-पिता को बताई तो उनकी खुशी का भी ठिकाना नहीं रहा। नमन के पिता पेशकर वर्मा और माता उषा ने कहा कि बेटे की मेहनत रंग लाई है। नमन की मेहनत है कि मुख्यमंत्री ने उनको बधाई दी है।

## दो माह से पेयजल समस्या झेल रहे सेक्टर-13 के निवासी

# पॉश कॉलोनी में बिगड़ी सप्लाई की चाल, पीने के पानी का हाल बेहाल

### सेक्टर के लोग पहुंचे जलघर, शिकायत रजिस्टर में दर्ज की अपनी आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कहने को तो सेक्टर 13 पॉश कॉलोनियों में शामिल है। जहां सुविधाओं के नाम पर अतिरक्त शुल्क भी वसूला जाता है। पर यहां के हालात बाहरी कॉलोनियों से भी बदतर बने हुए हैं। सेक्टर 13 के कुछ इलाकों में दो माह से पानी की सप्लाई दिक्कत बनी है। आधी कॉलोनी में पिछले सात दिन से तो पानी की सप्लाई ही नहीं पहुंची। पानी की सप्लाई न पहुंचने की वजह से आज सेक्टर के लोग वाटर वर्कस पहुंच गए और वहां पर तैनात कर्मचारियों से पानी की सप्लाई को लेकर जवाब तलबी भी की, लेकिन



**भिवानी।** पानी की सप्लाई को लेकर अधिकारियों से बातचीत करते हुए।

कर्मचारी ने कभी बिजली की सप्लाई न आने तो कभी आला अधिकारियों से बात करने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ गए। लोगों ने वहां पर रखे शिकायत रजिस्टर में अपनी शिकायत दर्ज की। वाटर वर्कस में पहुंचे लोगों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही पॉश इलाके में जल्द पानी की समस्या का स्थाई समाधान नहीं हुआ तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। सेक्टर 13 में पिछले 7 दिनों से पानी की सप्लाई ना होने से परेशान लोगों ने सेक्टर 13 स्थित वाटर वर्क्स में पूर्व पार्षद विजय पंचगांवा के नेतृत्व में हल्ला बोला। हुडा अधिकारियों से भी बात की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया।

### वाटर वर्क्स पहुंचे तो एक्सईन ने दिया आश्वसन

पूर्व पार्षद विजय पंचगांव ने कहा की सेक्टर में पानी ना आने की वजह से लोग परेशान है। उन्होंने उसी वक्त विभाग के कार्यकारी अभियंता के पास शिकायत की तो एक्सईन ने तत्काल पानी की सप्लाई छोड़ने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने की-मैन से पानी की सप्लाई के बारे में बात की तो उसने बताया कि बिजली की समस्या ज्यादा है। उन्होंने विद्युत निगम के अधिकारियों से बातचीत की तो उन्होंने जल्द ही बिजली की सप्लाई की समस्या का समाधान करवाए जाने का आश्वासन दिया। इसी दौरान उनके पास पब्लिक हेल्थ के कनिष्ठ अभियंता का फोन की पानी की सप्लाई छोड़ने के लिए आया। उन्होंने शीघ्र पानी की सप्लाई छोड़े जाने का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग वापस अपने घर आए।

### नहीं पहुंच पा रही पानी की सप्लाई

लोगों ने बताया कि सेक्टर में पानी की सप्लाई पिछले दो माह से डिस्टर्ब है। कभी पानी की सप्लाई तेज तो कभी लो प्रेशर से पानी पहुंच रहा है। जिससे आधे से ज्यादा घरों में पीने के पानी की सप्लाई ही नहीं पहुंच रही है। इसे लेकर कई बार जलघर के चक्कर लगा चुके हैं, पर कोई सुनवाई नहीं हुई। जेई पंकज ने तो फोन ही उठाना बंद कर दिया। पीने के पानी की विकट समस्या बनी हुई है। हालात ये बने है कि लोगों को पीने के पानी के लिए टैंकर मंगवाने पड़ रहे है। विभाग के पास टैंकर नहीं है, लोगों को खरीदकर पानी मंगवाना पड़ रहा है।



**बवानीखेड़ा।** विद्यालय में अव्वल आने पर विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए।

### आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, सीबीएसई परिणाम 100 प्रतिशत

**बवानीखेड़ा।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100प्रतिशत सफलता हासिल की है। कला संकाय में जस्सु ने 97.2प्रतिशत अंक, विज्ञान संकाय में तनीषा ने 96.2प्रतिशत अंक वाणिज्य संकाय में जैस्मिन ने 94.8प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपनी अपनी क्लास के टॉपर रहे। विषयगत उपलब्धियों की बात करें तो जियोग्राफी में जस्सु ने 99 अंक, निशा ने बिजनेस स्टडी में 99 अंक और हिंदी में इशांत ने 99 अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 10वीं में साहिल 96.6प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपने स्कूल का टॉपर रहा। गणित विषय में सिमरन ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।

## परीक्षा परिणाम




### टीआईटी के विद्यार्थियों ने स्थापित किया कीर्तिमान

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में टीआईटी वमा विद्यालय ने इस वर्ष नया कीर्तिमान स्थापित किया है। परिणाम न केवल गुणात्मक दृष्टि से उत्कृष्ट रहा, बल्कि विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत का जीवंत प्रमाण भी सामने आया। परिणाम का औसत उत्तीर्ण 99 प्रतिशत रहा, जो राज्य स्तर पर भी अत्यंत सराहनीय माना जा रहा है। इस वर्ष विद्यालय से कुल 195 विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की जो अपने आप में ऐतिहासिक उपलब्धि है। विद्यालय की मेधावी छात्रा रिंकी ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल प्राचार्य डॉ. डीपी कौशिक ने बताया कि विद्यालय में कुल 70 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जो दर्शाता है कि शिक्षा क्षेत्र में विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। शानदार सफलता पर विद्यालय परिवार, विशेषकर समस्त शिक्षकों ने छात्रों की मेहनत, समर्पण और अनुशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### डीएसएम स्कूल असावरी का परिणाम शत प्रतिशत

**चरखी दादरी।** कस्बा झोझू कलां स्थित डीएसएम स्कूल असावरी के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12वीं व 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। जिसमें डीएसएम स्कूल के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया है। विद्यालय में 12वीं कक्षा में कुल 61 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से स्नेहा रानी, हिमांशी व प्रीति ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कुल 17 विद्यार्थियों यानि लगभग 30 प्रतिशत विद्यार्थियों ने मैरिट हासिल की है।



छात्रा स्नेहा



हिमांशी

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध निदेशक अरूण कुमार ने बधाई देते हुए बताया कि मेहनत, अनवरत प्रयास तथा अध्यापकों द्वारा करवाया गया उचित शिक्षण कार्य तथा बच्चों को मिला उचित परिवेश एवं विद्यालय वातावरण का परिणाम है।

### सीबीएस स्कूल मौड़ी के विद्यार्थी अव्वल

**चरखी दादरी।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा दसवीं व बारहवीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में सीबीएस स्कूल मौड़ी के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। मौड़ी स्थित सीबीएस स्कूल में 10वीं के परीक्षा परिणाम में 10 बच्चों ने मैरिट हासिल की, जिनमें किशोरी ने कम्प्यूटर विषय में 99 अंक, नैंसी ने हिंदी में 97 व विख्यात ने गणित में 95 अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। वहीं कक्षा 12वीं में 8 बच्चों ने मैरिट हासिल कीस बेटी निशा नें 93.4 प्रतिशत अंक व आंचल नें 92.2 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया।



छात्रा अंचल



छात्रा किशोरी।

बेटी निशा ने भूगोल में 100 अंक, फिजिकल में 99 अंक व निकिता ने फिजिकल में 97 अंक हासिल कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस खुशी पर विद्यालय प्रबंधक डा. सुरेश कुमार सोलंकी व प्राचार्य प्रदीप रोहिल्ला व शिक्षाविद कटार सिंह बेनीवाल ने सभी बच्चों व स्टाफ सदस्य को बधाई दी।





### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं और 12वीं का सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

**भिवानी।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं और 12वीं का सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। सत्र 2024 - 25 में कक्षा - 12वीं में तीनों संकाय यथा विज्ञान संकाय ,वाणिज्य संकाय और कला संकाय के 52 विद्यार्थियों ने सी.बी.एस.ई. बोर्ड की परीक्षा दी थी। कक्षा 12वीं में वाणिज्य संकाय की यशवी ने 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में टॉप किया। विज्ञान संकाय में कृतिका गोयल ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया , दीया खेमका ने 94.6 प्रतिशत सिमरन और सिद्धार्थ ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए,वहीं कला संकाय में विशाल ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं में दो विद्यार्थियों यशवी एवं कृतिका गोयल ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। कक्षा 12वीं के 24 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन प्राप्त की। 44 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में कक्षा 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। संगीत में यशवी जैन और कृतिका गोयल ने 100 अंक प्राप्त कर किए। कृतिका गोयल ने अंग्रेजी विषय में 95 अंक, जीव विज्ञान में अधिकतम 90 अंक और केमिस्ट्री में 97 अंक प्राप्त किए, फिजिक्स में रुद्राक्ष ने अधिकतम 93 अंक प्राप्त किए और गणित विषय में दीया खेमका ने 93 अंक प्राप्त किए। एकाउंटेंसी में 91 अंक सिद्धार्थ ने, बिजनेस स्टडीज में अधिकतम 99 अंक और इकोनॉमिक्स में अधिकतम 96 अंक प्राप्त किए। पॉलिटिकल साइंस में विशाल ने 94 अंक, ज्योग्राफी में तनिषा ने 91 अंक व साइकोलॉजी में विशाल और तनिषा ने 96 अंक प्राप्त किए। 10वीं में 65 विद्यार्थियों ने सीबीएसई की परीक्षा दी थी। जिसमें 96.6प्रतिशत अंक प्राप्त कर छवि पंवार ने टॉप किया। रितिका सिंगला ने 96.4, नंदिनी ने 95.8, छवि मिश्रा ने 95.6, भव्य ने 95.4, लीज़ा ने 95.4, नेहल ने 95 प्रतिशत और समृद्धि ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

### बीआरसीएम स्कूल के छात्रों ने 10वीं सीबीएसई परीक्षा में रचा इतिहास

**बहल।** बीआरसीएम ज्ञानकुंज विद्यालय, बहल ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन से यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण, अनुशासन और सतत परिश्रम से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। सीबीएसई द्वारा मंगलवार को घोषित कक्षा 10वीं के परिणामों में बीआरसीएम ज्ञानकुंज के विद्यार्थियों ने अभूतपूर्व सफलता अर्जित करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया।विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा मान्या ने 96.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। जिज्ञासा और सुमित कुमार ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं लविता कुमारी और परसना ने 93.80 प्रतिशत, अमन ने 93.20 प्रतिशत, और प्रीत कुमार ने 92.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थानों पर कब्जा जमाया।भावना अग्रवाल ने (91.60 प्रतिशत), मोहित (91.40 प्रतिशत), अक्षय सिंह (91.20 प्रतिशत), मीनाक्षी सांगवान (91 प्रतिशत), रिया श्योराण और पूजा (दोनों 90.80 प्रतिशत), भावेश कुमार और रितिका कुमारी (दोनों 90.20 प्रतिशत), तथा योगेश (90 प्रतिशत) ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। हिंदी विषय में 34 विद्यार्थियों ने 90 से अधिक अंक प्राप्त कर नया रिकॉर्ड बनाया, जबकि सामाजिक विज्ञान में 33 विद्यार्थियों ने 90 से अधिक अंक प्राप्त किए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विषय में भी 26 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की गौरवगाथा में नया अध्याय जोड़ा। 19 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, वहीं 23 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत के बीच अंक अर्जित किए। 25 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से 80 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त कर संतुलित प्रदर्शन प्रस्तुत किया। विद्यालय की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उप-प्राचार्या सरस्वती दीक्षित, प्राचार्य राजेश कुमार झाझरिया तथा समस्त शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बीआरसीएम शिक्षण समिति के निदेशक डॉ. एस. के. सिंहा ने इस अवसर पर कहा, कक्षा 12वीं की भांति कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने भी विद्यालय का नाम रोशन किया है।

■ मान्या ने 96.20 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया




**बवानीखेड़ा।** छात्राओं के साथ प्राचार्य बधाई देते हुए।

### बलियाली सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली 50 में से 22 छात्राएं मैरिट में आईं, दीपिका के 96 प्रतिशत अंक

**बवानीखेड़ा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गांव बलियाली के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कुल 50 छात्राओं में से 22 ने मेरिट सूची में जगह बनाई। 6 छात्राओं ने 90 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए। छात्रा दीपिका ने 96 फीसदी से अंक प्राप्त किए। संस्कृत और राजनीति शास्त्र में छात्राओं ने पूरे 100 अंक हासिल किए। अंग्रेजी में भी 98 अंक मिले। स्कूल में छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य जयवीर सिवाच, डॉ. कविता तवंर ने इस सफलता का श्रेय छात्राओं और स्टाफ को दिया। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से सरकारी स्कूलों के बच्चे भी किसी से कम नहीं हैं। छात्रा दीपिका और रिंकल ने कहा कि स्टेट टॉपर भी सरकारी स्कूल से है। वे भी सरकारी स्कूल की छात्राएं हैं। बोर्ड के नतीजों ने साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी पहचान की मोहताज नहीं होती। सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी भी मेहनत से बड़ी उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं।

### 12वीं में ठुकराल स्कूल के प्रियव्रत ने प्राप्त किए 95.5% अंक

**लोहारू।** मंगलवार को घोषित सीबीएसई के परीक्षा परिणामों में ठुकराल स्कूल ने विद्यार्थियों ने एक बार फिर सफलता का परचम फहराया है। कलां संकाय में विद्यालय के प्रियव्रत ने सर्वाधिक 95.5 फीसदी अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। वहीं विज्ञान संकाय में तन्नू ने 89 फीसदी तथा वाणिज्य संकाय में चंद्रिका ने 92.2 फीसदी अंक हासिल किए। बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए स्कूल निदेशक नरेश ठुकराल और शशि ठुकराल ने छात्र छात्राओं, अभिभावकों और स्कूल स्टाफ को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि विज्ञान संकाय में छात्रा तन्नु ने 89 फीसदी अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान, छात्र दीपांशु ने 87.8 अंक लेकर विद्यालय में द्वितीय स्थान और ऋतिक ने 83.8 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया है। वाणिज्य संकाय में छात्रा चन्द्रिका ने 92.2 फीसदी अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान, 90.2 फीसदी अंकों के साथ प्रेरणा ने दूसरा स्थान और सुमि डालमिया ने 87.6 फीसदी अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। कला संकाय के प्रियव्रत ने 95.8 फीसदी अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम, रितिका ने 91.2 फीसदी अंको के साथ दूसरा और छवि ने 90.4 फीसदी अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। वहीं दसवीं के परीक्षा परिणामों में अंजलि ने 94.6 फीसदी अंकों के साथ प्रथम, तन्नू ने 94.4 फीसदी अंक लेकर दूसरा व आरती ने 93.2 फीसदी अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया है।

### परीक्षा परिणाम बेहतर आने पर छात्र किए सम्मानित

**भिवानी।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मित्ताथल में वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन विद्यालय प्रांगण में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वर्धमान ज्वैलर्स के संचालक एवम हमारा अपना फाउंडेशन के संस्थापक सचिन जैन



व विद्यालय के मुख्य प्राचार्या एवम ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि नरेश सिवाच की अध्यक्षता में किया गया। हमारा अपना फाउंडेशन के सीईओ, एस के सिंह व कोर कमेटी के अध्यक्ष आर पी ओला , ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ किया गया। विद्यालय के वार्षिक परीक्षा परिणाम के आधार पर जिन सभी विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लिया है उन सभी को मैडल व फूल मालाएं पहनाकर हमारा अपना फाउंडेशन की तरफ से सम्मानित किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति का विकास कर सकती है। शिक्षा ही हमारे विकास एवम उन्नति का सबसे उत्तम साधन है। विद्या एक ऐसा धन है जिसको कोई छीन नहीं सकता चुरा नहीं सकता। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सह पाठ्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। सरपंच प्रतिनिधि नरेश ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्होंने कहा कि हमें अपने लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर प्रयास करने चाहिए।

# सरस्वती विद्या विहार आसलवास दुबिया के विद्यार्थियों का परिणाम शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणामों में सरस्वती विद्या विहार आसलवास दुबिया के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। परिणाम घोषित होने पर स्कूल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं व 12वीं के विज्ञान, वाणिज्य और कला तीनों ही संकायों में परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। विज्ञान संकाय में ऋषिका बोहरा ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, हर्षिता यादव ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, व निधि ने 95.2 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में साहिल गर्ग ने 94.4 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान , देवेंद्र व स्नेहा ने द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में निकिता ने 96.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान सोनिका ने 92.2 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान व आर्यन ने 88 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 12 छात्रों ,75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 53 छात्रों व 60 प्रतिशत से अधिक अंक

■ 10वीं और 12वीं के परिणाम में स्कूल का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन।



**भिवानी।** परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के साथ चेयरमैन राजबीर सिंह ।

प्राप्त करने वाले 89 छात्रों ने विद्यालय की प्रतिष्ठा में वृद्धि की। विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय के छात्रों ने न केवल उच्च अंक प्राप्त किए, बल्कि विभिन्न विषयों में भी शीर्ष स्थान हासिल किए। हिंदी में निकिता ने 100 अंक, संगीत कला में मंजू ,बंटी ,ऋषिका बोहरा और देवेंद्र ने 100,ज्योग्राफी में निकिता ने 100 ,केमिस्ट्री में ऋषिका बोहरा ने 99, ज्योग्राफी में निकिता ने 99, इकोनॉमिक्स में साहिल गर्ग ने 97, पॉलिटिकल साइंस में निकिता ने 97, बायोलॉजी में ऋषिका बोहरा ,किरण ,खुशी और हर्षिता यादव ने 97,अंग्रेजी में ऋषिका बोहरा ने 96, फिजिक्स में ऋषिका बोहरा ,बंटी, हर्षिता, खुशबू, निधि और खुशी ने 95, मैथ्स में निधि ने 95, अकाउंटेंसी व बिजनेस स्टडी में साहिल गर्ग ने 95, संस्कृत में निधि ने 95, कंप्यूटर साइंस में हर्षिता यादव ने 97, फिजिकल में निकिता और आर्यन ने 94, हिस्ट्री में निकिता ने 91 अंक हासिल किए।

### उत्कृष्ट रहा जी लिट्रा स्कूल का परिणाम

**भिवानी।** सफलता के आयामों को हासिल करते हुए जी लिट्रा वैली विद्यालय का कक्षा बारहवीं व दसवीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। 12वीं के 63 विद्यार्थी शामिल हुए व विद्यालय का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत फीसदी रहा। वाणिज्य संकाय की छात्रा सलोनी ने 93.2 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में छात्रा प्रिया ने 90.2 फीसदी अंक लेकर प्रथम स्थान व कला संकाय की छात्रा हुतेश ने 86.4 फीसदी अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 10वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। दसवीं में 67 विद्यार्थी शामिल हुए। जिनमें क्रमशः प्रथम स्थान पर 95.2 प्रतिशत अंक लेकर लक्षिता, 94.6 प्रतिशत अंक लेकर गीत द्वितीय स्थान पर, 93 प्रतिशत अंक लेकर आध्या तृतीय स्थान पर रही। प्रबंधक घनश्याम दास सर्राफ, सत्यनारायण मित्तल, प्रबंधक रामचन्द्र मितल प्रशासक एस.के. हलवासिया , प्राचार्या सीमा मक्कड़, अमन गर्ग ने विद्यार्थियों, स्टाफ व अभिभावकों को बधाई दी।



### ग्रीन मिडोज का शानदार रहा परिणाम

**चरखी दादरी।** गांव चरखी स्थित ग्रीन मिडोज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन किया है। परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। प्राचार्य सुरेश सांगवान ने बताया कि 53 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 26 ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया है। 32 छात्राओं में 23 ने मेरिट में स्थान बनाया। विज्ञान संकाय में अंशु 460, मानसी 459 व खुशी 449 अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार कला संकाय में चंचल रानी 484 प्रथम, रिया 463 द्वितीय व भावना 447 तृतीय रही है। इस अवसर पर योगेंद्र सांगवान, अरविंद सांगवान, रविंद्र सांगवान, रणजीत, मुकेश कुमार, नरेश कुमार, प्रदीप सांगवान सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था।





# आदर्श विद्यालय कैरू के विद्यार्थियों ने 12वीं के परीक्षा परिणाम में तोड़ा रिकॉर्ड, अपसाना ने प्राप्त किए 500 में से 493 अंक

**तोशाम।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम में आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैरू के विद्यार्थियों ने असीम सफलता प्राप्त की व पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए एक नये शिखर को छूआ। कॉमर्स संकाय की छात्रा अपसाना इंदीवाली ने राज्य स्तर पर 500 में से 493 अंकों के साथ चौथा स्थान व जिले में प्रथम स्थान व साईंस संकाय से छात्र निपुण जांगड़ा कैरू ने 500 में से 488 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर छठा स्थान प्राप्त कर पूरे प्रदेश भर का नाम रोशन किया। इसके अलावा लक्ष्मीबाई लेघां व सोनिका देवराला 482, करीना कैरू व निक्की चंदावास 479, रीना कैरू 477, प्रिया कैरू 474, भारती कैरू 472, दीपिका जुई 472, लक्ष्मी चावला कैरू ने 470 अंक अर्जित किए। जिससे क्षेत्र के आस-पास के गाँवों में खुशी का माहौल बना हुआ है। मेधावी छात्र-छात्रा को आदर्श ग्रुप ऑफ एजुकेशन इंस्टिट्यूट के चेयरमैन आरके बंगालिया, । पार्षद प्रतिनिधि लाला पनिहार, सरपंच सुंदरपाल, सरपंच प्रतिनिधि सुभाष रंगा, बीडीसी प्रतिनिधि राजेश रंगा व मनोज प्रधान ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। चेयरमैन ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया और मेधावी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।



**तोशाम।** टॉपर छात्रा को सम्मानित करते हुए। फोटोः हरिभूमि

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू | 12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
C.E.T. रेलवे
CUET अग्निवीर
S.S.C. Delhi Police
अनुभवी अध्यापक | नोटस पैकेज | शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली, नजदीक बस स्टैण्ड, च. दादरी
9050035973, 9812611926